छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का हुआ शुभारंभ

पारंपरिक खेलों के आयोजन से उत्साह का बना माहौल, खेलों ने बढ़ाया मेलजोल

- खेल में भाग लेने के लिए संबंधित जोन कार्यालय के माध्यम से पंजीयन कराना होगा

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत आज छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022 का भव्य शुभारंभ हुआ। 3 माह तक चलने वाली इस ओलंपिक में छत्तीसगढ़ के सभी परंपरागत खेलों का प्रदर्शन किया जाएगा। आज राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से खेल प्रारंभ हुआ , निगम के सभी जोन में इसका आयोजन किया गया। इन आयोजनों में शहर के नागरिकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया , इस दौरान निगम के सभी जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए और खेल में शामिल होकर सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, भौंरा चलाने जैसे पारंपरिक खेलों के आयोजन को लेकर बच्चे बड़े एवं महिलाओं में उत्साह दिखा। ओलंपिक के पहले दिन जोन 01 नेहरू नगर के अंतर्गत फरीद नगर मैदान में गिल्ली डंडा , भौंरा, पिट्ठूल और कंचा बाटी खेल का आयोजन किया गया , इसी प्रकार जोन 02 वैशालीनगर में रस्साकसी , बिल्लस, गिल्ली डंडा, भौंरा, पिट्ठूल और कंचा बाटी खेल आयोजित हुआ ,जिसमें क्षेत्र के नागरिकों ने भाग लिया और छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आनंद लिया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य एवं खेल विभाग के प्रभारी आदित्य सिंह, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, अरविंद राय, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या, कोमलदास टंडन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। 6 से 11अक्टूबर तक होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल आयोजन की विशेष बात है कि इसमें किसी भी उम्र के नागरिक खेल में भाग ले सकते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उददेश्य से आयोजित किए जाने वाले छत्तीसगढ़ी ओलंपिक को लेकर भिलाई निगम के महापौर श्री नीरज पाल लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।निगम के अधिकारियों को खेल सामग्री और खेल मैदान दुरुस्त करने के निर्देश दिए है तथा निगम के क्षेत्र के अधिक से अधिक नागरिकों को 6 दिवसीय ओलंपिक खेल में भाग लेने हेतु अपील की जा रही है ताकि हमारे राज्य पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिल सके।